## संक्षिप्त

### स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

**मनोहरपूर।** मनोहरपुर में महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई इस दौरान यादव समाज मनोहरपुर के नगर अध्यक्ष महेश जड़वाल ने उनके जन्मदिन के साथ-साथ अपनी पोती दीपांशी जड़वाल का भी जन्मदिन मनाया इसके तहत गायों को हरा चारा और छोटे बच्चों को फल वितरित किए गए, इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष अलादीन खान, सेवादल अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता राकेश हलकारा, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया,महेश जड़वाल, घोलाराम यादव, ओमप्रकाश चौधरी, हनुमान यादव, राकेश सैनी रवि मीणा महावीर सैनी सुमन कुमावत मंजू यादव कोमल शर्मा अनीता शर्मा कोमल यादव ममता शर्मा सुनीता वर्मा आदि उपस्थित रहे!

### जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम : कलेक्टर

**टोंक।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत नियमित सहायको के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को जिला मुख्यालय के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण एवं प्रभावी क्रियान्वयन का आधार होते है, इसलिए कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएं।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया निरीक्षण

**दौसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा के कार्यवाहक सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश वीर ने गुरुवार को जिले में अनुष्का जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह, दौसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक सचिव ने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह के भवन, उसमें निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सचिव ने वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली गई। सचिव ने उच्च न्यायालय द्वारा बताये गये बिन्दुओं के अनुसार गृह का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण पश्चात् रिपोर्ट तथा गृह के इंफ्रास्ट्रक्चर और वहां रहने वालों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतन बनाने के संबंध में सुझाव उच्च न्यायालय को प्रेषित किए जावेंगें। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रबंधक सुबुद्धि सिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

### छात्रा की मौत, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की

**दौसा।** मुख्यालय पर स्थित इम्प्लस डिग्री कॉलेज में गुरवार को बीए-बीएड की एक छात्रा स्टूल से गिरकर घायल हो गई, जिसे निजी कॉलेज के स्टाफ ने श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया तथा इस घटना की जानकारी छात्रा के परिजनों को दी। उधर चिकित्सको ने प्रारंभिक जांच के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी ओर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्डम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि जीरोता गांव निवासी विनीता बैरवा (19) बीए सैकेंड ईयर की छात्रा थी। वह अन्य स्टूडेंट्स के साथ क्लास रूम में स्टूल पर बैठी थी कि अचानक अचेत होकर गिर गई। जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर में मृत घोषित कर दिया।

### हाजी पटेल बाबा का उर्स मुबारक मनाया

**चौमू ।** चिल्ला हाजिब शक्करवार बाबा नरहड़ी इमाम चौक चौमू में जुमेरात को हाजी पटेल बाबा का पहला उर्स मुबारक मनाया गया। इस मौके पर महफिल ए समा रात दस बजे से शुरु हुई। इस महफिल में कव्वाल पार्टी नदीम वारसी जयपुरी ने समां बांध दिया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे। इससे पहले हसान खान, शेर खान, दानिश खान की मौजूदगी में बैठक हुई । बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बजट को लेकर की प्रेस वार्ता



**बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर में एक संभाग स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ।**

■ **पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि यह राज्य बजट 2026-27 भजनलाल सरकार का तीसरा बजट है जिसमें युवा, महिला ,किसानों और बुनियादी ढांचे को लेकर बड़ी घोषणा की गई है**

**भरतपुर।** राजस्थान बजट 2026-27 को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर में एक संभाग स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने प्रस्तुत की। प्रेस वार्ता को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि यह राज्य बजट 2026-27 भजनलाल सरकार का तीसरा बजट है जिसमें युवा, महिला ,किसानों और बुनियादी ढांचे को लेकर बड़ी घोषणा की गई है । भजनलाल सरकार का यह बजट महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला है जिसमें लखपति दीदी योजना में ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी गई है। महिला स्वयं सहायता समूहों के ऋण की सीमा 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड रुपए कर दी गई है। बैंक सखी योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को बैंक से जोड़ने का कार्य किया है ।

किशोरियों के लिए पोषण स्तर के माध्यम से महिलाओं के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है सरकार की घोषणा से किसनो की लागत घटेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी इससे छोटे और सीमांत किसानों को काफी हद तक राहत मिलेगी। राज्य बजट राजस्थान के युवाओं को समर्पित है जिसमें 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए तक का अनुदान दिए जाने का प्रावधान रखा गया है इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की यह मनसा है की राजस्थान का युवा नौकरी लेने वाला नहीं नौकरी देने वाला होना चाहिए। शिक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए कक्षा 8 वी दसवीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को लैपटॉप के लिए रू.20000 का ई बाउचर दिया जाएगा जो शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति साबित होगी। सभी संभाग मुख्यालय को सिग्नल फ्री किया जाएगा ।

कर्मचारी के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी हेतु आठवे वेतन आयोग के स्थापना की घोषणा की है जो आवश्यक परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट राज सरकार को प्रस्तुत करेंगी। चार सो स्कूलों को सी एम राइज विद्यालयों के रूप में क्रमोन्नत किया जाएगा जिसके लिए 1000 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। सभी जिला मुख्यालय पर नमो नर्सरी, पंचायत स्तर पर नमो पार्क स्थापित किए जाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है ।

### संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

**पावटा।** विराटनगर क्षेत्र के ग्राम मैड में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वी कक्षा की परीक्षाएं गुरुवार से शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गई। पहले दिन की अग्रेजी की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई । उड़न दस्ते द्वारा मेड केंद्रों पर संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी दयाराम चौरडिया ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। विराटनगर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकर लाल मीणा ने बताया कि मेड कस्बे में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए है। तीनों केन्द्रो पर कुल विद्यार्थी 472 थे जिसमें 461 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 11 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केदो पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही ।बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। विद्यार्थियों की गहनता से जांच कर व पहचान पत्र की जांच के बाद ही हॉल में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

# बैंक कर्मियों ने बीमा व श्रमिक संगठनों के साथ लेबर कमिश्नर कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**जयपुर बैंक,बीमा और रेलवे कर्मियों ने जयपुर रेलवे स्टेशन से लेबर कमिश्नर कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।**

■ **29 मौजूदा श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम संहिता लागू किए जाने के विरोध हड़ताल का आव्हान किया था**

**जयपुर।** देश के 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने केंद्र सरकार द्वारा 29 मौजूदा श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम संहिता (लेबर कोड) लागू किए जाने तथा श्रमिक वर्ग पर बढते हमलों के विरोध में 12 फरवरी 2026 को राष्ट्रव्यापी आम हडताल का आव्हान किया था।

जयपुर बैंक,बीमा और रेलवे कर्मियों ने केंद्रीय श्रमिक संगठनों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाकर जयपुर रेलवे स्टेशन से लेबर कमिश्नर कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।प्रदर्शन को रेलवे के मुकेश माथुर, रोडवेज से एम एल यादव, बैंक कर्मी नेता सूरज भान सिंह आमेरा ,महेश शर्मा,आर जी शर्मा ने,एटक से कुनाल रावत,डी के छगानी सीटू के रविन्द्र शुक्ला बिजली विभाग,यूनिवर्सिटी,केंद्र व राज्यकर्मी यूनियन के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया ।

इन कानूनों के तहत यूनियनों के लिए हडताल करना कठिन होगा, जबकि नियोक्ताओं को श्रम विभाग की अनुमति के बिना तालाबंदी एवं छंटनी की छूट दी जा रही है। बडी संख्या में श्रमिकों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर शोषण का रास्ता खोला जा रहा है। इससे देश के भविष्य-युवा वर्ग-पर गंभीर प्रश्नचिह्न खडा हो रहा है। बीमा क्षेत्र में 100 एफडीआई की अनुमति दी जा चुकी है। बैंकिंग क्षेत्र में भी आईडीबीआई बैंक के निजीकरण, निजी बैंकों को विदेशी निवेशकों को सौंपने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण जैसे गंभीर हमले तेज हो गए हैं। यह स्पष्ट है कि सरकार आईएमएफ, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय वित्त पूंजी के दबाव में नीतियां बना रही है।

देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों ने हड़ताल को व्यापक समर्थन दिया। अनेक स्थानों पर श्रमिक-विरोधी श्रम नीतियों एवं नए श्रम कानूनों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन आयोजित किए गए।

# निशुल्क विशाल दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर समाप्त



**अग्रवाल धर्मशाला टोंक में आयोजित निशुल्क विशाल दिव्यांग सामग्री वितरण तीन दिवसीय शिविर का समापन किया।**

■ **समर्पण समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जन सेवकों का सम्मान किया**

**टोंक।** किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 80वीं जयंती के अवसर पर एआईसीसी महासचिव व टोंक विधायक सचिन पायलट तथा भगवान महावीर दिव्यांग समिति के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला टोंक में आयोजित निशुल्क विशाल दिव्यांग सामग्री वितरण तीन दिवसीय शिविर का समापन गुरूवार को किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सऊद सईदी, जमील सईदी, टोंक विधानसभा प्रभारी डॉ सुमित गर्ग, निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लगभग तीन दिवस में 1500 दिव्यांग को सामग्री वितरण की गई, जिसमें कृत्रिम अंग, कैलिपर, बैसाखी, व्हीलचेयर,ट्राई साइकिल, छड़ी, सुनने की मशीन, ग्लूकोमीटर,शिविर में बीपी और मधुमेह रोगियों का निशुल्क रजिस्ट्रेशन और जांच की गई लगभग डेढ़ हजार का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान सभी दिव्यांगों का चेहरा सामग्री प्रकार खुशी से खिल उठा।

इस अवसर पर डॉक्टर सुमित गर्ग ने कहा कि इस अनूठी पहल से दिव्यांगों को बड़ा लाभ मिला है, भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जन सेवा के आयोजित किए जाने चाहिए। वही कैंप में सभी कार्यकर्ताओं को यूनिट का मोमेंटो देकर धन्यवाद दिया तथा समर्पण समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जन सेवकों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दिनेश चौरसिया कैलाशी देवी मीणा, सीपी श्रीवास्तव, हंसराज फागणा, वसीद नूर, सलीमुद्दीन खान, महमूद शाह, राहुल सैनी, शैलेंद्र शर्मा, इम्तियाज खान, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, आबिद मेवाती, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, धर्मेंद्र सालोदिया, लियाकत, कमलेश चावला इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 50 लाख रुपए की लागत से तैयार म्यूजिकल फाउंटेन की बदहाल अवस्था

■ **लोकार्पण 2022 के अक्टूबर माह मैं किया गया था। लोकार्पण के चंद दिनों बाद ही उक्त म्यूजिकल फाउंटेन बंद होकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया**

**देवली ।** शहर की नगर पालिका द्वारा करवाए गए कार्यों में भ्रष्टाचार की परत दर परत अब खुल कर लोगो के सामने आती जा रही है। देवली में वर्तमान पालिका बोर्ड के कार्यकाल में यहां जो विकास कार्यों करवाए गए उन में ठेकेदार और कार्य से संबंधित अधिकारी के तालमेल की बदौलत से सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग होता चला आरहा है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है।

मामला यह कि पालिका ने 7 दिसंबर 2021 को 49 लाख 67 हजार रुपये की राशी का एक टेंडर जारी करते हुए अटल उद्यान में म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवा दिया था। जानकारी के अनुसार इसका लोकार्पण 2022 के अक्टूबर माह मैं किया गया था। लोकार्पण के चंद दिनों बाद ही उक्त म्यूजिकल फाउंटेन बंद होकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

ऐसे मे 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया म्यूजिकल फाउंटेनअपने बदहाल अवस्था में पड़ा हुआ है। अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले देवली पालिका के वाइस चेयरमैन सौरभ जिंदल ने उक्त म्यूजिकल फाउंटेन की बदहाली पर आवाज उठाई थी। लेकिन यहां बढ़ते भ्रष्टाचार के आगे वर्तमान वाइस चेयरमैन सौरभ जिंदल की किसी ने एक नहीं सुनी,। इसके बाद उक्त म्यूजिकल फाउंटेन अपनी सुंदरता खोते हुए कबाड़ में तब्दील हो गया है । इस पर यहां लोगों का यह भी मानना है कि उक्त म्यूजिकल फाउंटेन के निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है । इसी कारण से यहां म्यूजिकल फाउंटेन की बदहाली बनी हुई है। यहां समझने वाली बात तो यह है कि देवली नगर पालिका के द्वारा करवाए गए कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की नीति पिछले 5 सालों से यहां आम बात बनी हुई है। ऐसे हालातो की जानकारी राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग को बखूबी प्राप्त है। इसके बावजूद उच्च अधिकारियों ने यहां नगर पालिका के द्वारा करवाए गए कार्यों की समीक्षा आज तक नहीं की।

# आक्रोशित राज्य कर्मचारियों ने बजट प्रतियों की जलाई होली



**राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर कर्मचारियों ने 41 जिला मुख्यालय पर बजट प्रतियां जलाई।**

■ **केन्द्र व राज्य सरकारों की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में कर्मचारी उतरे सड़कों पर**

**कोटपूतली।** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा 11 फरवरी बुधवार को प्रदेष की विधानसभा में प्रस्तुत किये गये राजस्थान बजट में राज्य कर्मचारी, संविदा एवं मानदेय कर्मियों के हितों की अनदेखी करने के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर राज्य भर में आक्रोशित कर्मचारियों ने 41 जिला मुख्यालय पर बजट प्रतियों की होली जलाई। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा एवं महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि सरकार प्रदेश के कर्मचारियों को बजट घोषणा के नाम पर कमेटियों के जाल में फंसाना चाह रही है। राज्य सरकार द्वारा मांगे मानना तो दूर अपने 02 वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी महासंघ से एक भी बार द्विपक्षीय वार्ता तक नहीं की गई हैं। सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में कर्मचारी सड़कों पर नजर आना सरकार की पूरी तरह से विफलता साबित हो रही है। महासंघ के कोटपूतली-बहरोड़ जिला संयोजक बाबूलाल गुर्जर ने कहा कि सरकार पिछली बजट घोषणा के बावजूद कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन नहीं कर रही है और इस बार तो पदौन्नित एवं वेतन विसंगति दूर करने के नाम पर समिति गठन की घोषणा कर कर्मचारियों की मांगों को हवा में लटकाने का काम कर रही है।

प्रदेश के लाखों संविदा एवं मानदेय कार्मिकों के संबंध में बजट में एक भी शब्द नहीं बोलना सरकार की जबरदस्त असंवेदनशीलता है। अब भी सरकार महासंघ के सात संकल्पों पर द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला गया तो महासंघ इसी बजट सत्र के दौरान बड़ा आंदोलन करेगा।

जिले में कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला संयोजक बाबूलाल गुर्जर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर सैंकड़ों कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये बजट की प्रतियां जलाई। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के रामूतार गुर्जर, दिनेश शर्मा, प्रकाश गुर्जर, भीम सिंह, महेश, सतपाल, प्रताप सिंह सैनी, बुधराम कसाना, मुकुल, महेश मीणा, सतपाल बैंसला, परमानन्द कुम्हार, लालाराम, सुभाष मुक्कड़, मनोज मीणा, रमेश मीणा, सांझाराम, अरविंद मीणा, रामकुंवार यादव सहित महासंघ के विभिन्न घटकों के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश हो गया रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर के न्यायिक कर्मचारी के मामले में कहा है कि उसके अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश रद्द किया जा चुका है तो उसे उस अवधि का पूरा वेतन दिया जाए। अदालत ने माना की ऐसी स्थिति में नो वर्क-नो पे का प्रावधान लागू नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने तीन में में याचिकाकर्ता को चार साल का वेतन और अन्य परिलाभ देने देने को कहा है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश केसी जैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता अलवर जिला अदालत में मुंसरिम के पद पर कार्यरत था। याचिकाकर्ता को जून, 2006 में कई सालों पुराने आधारों का हवाला देते हुए अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी। जिसे याचिकाकर्ता ने अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती दी।18 अगस्त, 2014 को अपीलीय अधिकारी ने उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को बिना आधारों का मानते हुए रद्द कर दिया।

## सार-समाचार

### केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से जयपुर ग्रामीण सांसद ने भेंट की



**शाहपुरा।** नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने -48, जयपुर ग्रामीण में एयरोट्रोपोलिस परियोजना की स्थापना और ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की अनिवार्य आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की और इसके सामरिक व आर्थिक महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। जयपुर ग्रामीण के समग्र विकास हेतु यह बैठक अत्यंत सकारात्मक और सार्थक रही।भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में शुरू हुई उड़ान योजना से साकार हो रहा देश के हर नागरिक उड्डयन क्षेत्र अंत्योदय के विचार के साथ आगे बढ़ रहा है। हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करें के संकल्प को साकार करते हुए, -48, जयपुर ग्रामीण में इस बुनियादी ढांचे का निर्माण क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और कनेक्टिविटी के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### श्याम परिवार का 29वां वार्षिकोत्सव आज

**पावटा।** श्री श्याम वंदना परिवार पावटा द्वारा 29वां वार्षिक उत्सवश्री श्याम मंदिर पावटा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 8 बजे से होगा, जिसमें देशभर से आए कलाकारों द्वारा भजन संध्या एवं श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्री श्याम वंदना परिवार के अध्यक्ष मूलचंद खोश्या, मनोज अग्रवाल एवं मालीराम बाडिगर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के दौरान हेमंत म्यूजिकल ग्रुप एंड पार्टी नारनौल, नंदू योगी (विराटनगर), अनिल टॉक, ख्यालीराम गुरुजी, दाताराम गुरुजी, संजय मौला, सुमित चौहान, योगेश शर्मा, सचिन गंगावत, ख्यालीराम ट्रेलर एवं डॉ. नरेंद्र यादव सहित कई कलाकार श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी की रात्रि को भव्य श्याम बाबा जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके अलावा 23 फरवरी 2026 को सुबह 8 बजे श्री श्याम मंदिर पावटा से भव्य पदयात्रा भी रवाना होगी। आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### विश्व यूनानी दिवस मनाया

**मनोहरपूर।** यूनानी चिकित्सालय ताला में विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महान यूनानी चिकित्सक हकीम मोहम्मद अजमल खान की जयंती पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। हकीम मोहम्मद अजमल खान न केवल एक महान चिकित्सक, माहिर तबीब एवं हाज़िक हकीम थे, बल्कि वे एक सच्चे देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी भी थे। वे महात्मा गांधी के निकट सहयोगी रहे तथा एक धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने हिंदू महासभा की बैठक की अध्यक्षता की, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक सदस्य रहे तथा इसके कुलपति भी रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने करोलबाग, दिल्ली स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज की स्थापना की।हकीम साहब गरीबों का नि:शुल्क इलाज करते थे तथा अमीरों से उनकी हैसियत के अनुसार शुल्क लेते थे। मानव सेवा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें मसीह-उल-मुल्क की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### यज्ञ का भव्य आयोजन

**देवली ।** शहरके ज्योति कॉलोनी स्थित राजस्थली स्कूल मे पारंपरिक उल्लास के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक सद्बुद्धि यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 108 गायत्री और सरस्वती मंत्रों की आहुतियों के साथ हवन संपन्न हुआ है राजस्थली स्कूल के निदेशक कुलदीप वैष्णव ने जानकारी में बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना छात्रों में नैतिक मूल्यों, मेधा और सद्बुद्धि का विकास करना विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच गुरु और शिष्य का सम्मान भरा गहरा रिश्ता जीवन भर बना रहे इसी अनमोल रिश्ते को ध्यान में रखकर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं। इस दौरान स्कूल भवन में गायत्री मंत्र और सरस्वती वंदना से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों को एकाग्रता और अच्छे विचारों की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रशासन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच प्रसाद भी वितरण किया।

### जोन समिति कार्यकारिणी का विस्तार

**देवली ।** जामियात उलमा हिंद टोंक ने देवली जोन समिति कार्यकारिणी का विस्तार किया के महासचिव मौलाना अब्दुल रहमान ने बताया कि देवली जोन समिति मे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव महासचिव पद के चयन किए गए हैं। समिति में देवली जोन सदर पद पर अख्तर उल्ला खान को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार महासचिव हाफिज बरकतुल्लाह नायब सदर मोहम्मद मुस्तकीम अब्बासी, नुरुल हसन अंसारी, सचिव फखरुद्दीन अब्बासी (शानू भाई) सूफी अब्दुल अय्यूब राजकी अब्दुल अनीस कुंदेरा शोएब लोहार दुनि को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया है.। देवली समिति के सदर अख्तर उल्ला खान ने बताया कि जमीयत ओलामा हिंद एक ऐसी तंजीन है। जो खिदमत को अंजाम देती है। सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली ऐसी तंजीम है। देश की आजादी में महतवपूर्ण भूमिका रही और आज जामियात उलमा हिंद टोंक 150 ओलामा की टीम काम कर रही है। सभी मसलकों को दूर रखते हुए नशा मुक्ति केंद्र और महिला सिलाई केंद्र जल्दी ही शुरू करने जा रहे है। किसी के साथ देवली जोन 11 के भी कार्यकर्ता समाज को आगे बढ़ाने की खिदमत के लिए तैयार हैं। तो वही सर्व समाज को साथ लेकर चलेगा जमीयतओलिमा हिंद। किसी एक जाति के प्रतिबन्ध नहीं रहकर सर्व समाज को साथ लेकर चलने पर जोर दिया जाएगा।

### विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी कार्यवाही

**पावटा।** विधानसभा सत्र के दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ की अनुशंसा पर दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा विभिन्न मुद्दों पर अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कुलदीप धनकड द्वारा रखे गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने से लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की जानकारी मिलने से राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रिया को करीब से समझने में मदद मिली। कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही देखने का अनुभव प्रेरणादायक रहा और इससे जनसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस दौरान पूर्व सरपंच एलन स्वामी, जिला कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, पावटा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, बलदेव गोयल, रामोतार गोयल, सुरेश शर्मा, सुरेश नयाबासी, ललित गोयल, ओमप्रकाश बंसल, अश्विनी शर्मा, गिरधारी जितरवाल, विजय गुप्ता, मदन सैनी, कृष्ण सीए, महेश राठी, महेश खंडेलवाल, योगेश शर्मा, नरपत सिंह, नरेश यादव, गिरिरीज बोहरा, योगेश जागीरदार, गिरिराज ओला, शिंभू गढ़वाल, विकास शर्मा, ललित शर्मा, दीपक पटेल, गोपाल मंगल, मुरारीलाल मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।